अक्टूबर 2012

मान्नीय महोदय,

सादर जय जिनेन्द्र

दिनांक 6 एवं 7 अक्टूबर 2012 को दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप के सौजन्य से भाग्योदय तीर्थ परिसर में विशाल स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मेदांता हॉस्पिटल (मेडीसिटी) गुड़गांव, दिल्ली के विशेषज्ञ –

ने अपनी सेवायें प्रदान कीं। इस शिविर का बुन्देलखण्ड के विभिन्न नगरों से पधारे 400 से अधिक मरीजों ने लाभ लिया।

दिनांक 13 एवं 14 अक्टूबर 2012 को सकल दिगम्बर जैन समाज एवं औषधि विक्रेता संघ बीना के सौजन्य से नाभिनंदन दिगम्बर जैन विद्यालय बीना, में एक विशाल स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। भाग्योदय तीर्थ के विशेषज्ञ डॉ.संतोष राय, डॉ.नितिन जैन, डॉ.नीति, डॉ. रजनीश मिश्रा, डॉ. अखिलेश, डॉ. रूपाली, डॉ. त्रिवेदी, डॉ. सुषमा, डॉ. प्रियंका, डॉ. अल्पना, डॉ. नीता जैन ने अपनी सेवायें प्रदान की। इस शिविर में बीना एवं आसपास के गॉवों से पधारे लगभग 600 से ज्यादा मरीजों ने लाभ लिया।

प.पू. आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के 67 वें जन्म दिवस शरद पूर्णिमा पर 28, 29 एवं 30 अक्टूबर 2012 (3 दिवस) को भाग्योदय तीर्थ के सभी विभागों में निःशुल्क ओ.पी.डी. आयोजित की। इन 3 दिनों में सागर एवं अन्य जगह से पधारे लगभग 7050 मरीजों ने भाग्योदय पधारकर स्वास्थ्य लाभ लिया।

आपके ट्रस्ट के निर्णायानुसार इस माह में CCTV कैमरे लगाने का कार्य पूर्ण हो गया है इन कैमरों के माध्यम से सतत मानीटरिंग जारी है।

धर्मशाल निर्माण कार्य भी प्रगति पर है।

माह सितम्बर 2012 में Rs.————————.00 की चेरिटी आपके संस्थान द्वारा मरीजों के लिए की गयी है।

विगत कई माह से हम आपको लगातार आपकी संस्था की गतिविधियों के बारे में अवगत करा रहे हैं परंतु यह जानकारी आप तक पहुँच भी पा रही है या नहीं इसकी सूचना हमें अप्राप्त है। कृपया हमें 09827250752 पर SMS करके या btct.saugor@gmail.com पर ई मेल करके जरूर सूचित करने का कष्ट करें। यदि आप सूचना दे चुके हैं तो हमारा धन्यवाद।

प.पू. 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा एवं मंगलाशीष से निर्मित यह संस्थान आपके द्वारा दिये गये सहयोग से ही प्रगति पथ पर अग्रसर हैं तथा सम्पूर्ण बुन्देलखण्ड में पीड़ित मानवता की सेवार्थ जाना जाता है। आपका सहयोग ऐसा ही बना रहे ऐसी हमारी भावना है। पत्र के अंत में आपसे निवेदन है कि संस्था के हितार्थ आपका जो भी मार्गदर्शन हो हमें अवश्य अवगत कराने का कष्ट करें।

भाग्योदय तीर्थ परिवार की ओर से . . .

संतोष खरे
जनसंपर्क अधिकारी